काजल शिखर पे जीण भवानी का सच्चा दरबार है

काजल शिखर पे भंवरावाली का सच्चा दरबार है,
काजल शिखर पे जीण भवानी का सच्चा दरबार है,
मईया का परिवार है,ये मईया का परिवार है ।

तेरी महिमा न्यारी है,तू कलयुग अवतारी है
हर्षनाथ भैरू की बहना जीण भंवरावाली है ।
जिसपे कर दे एक नजर माँ,उसका बेड़ा पार है,
मईया का परिवार है,ये मईया का परिवार है ।

तेरे चरणो से मईया हम भगतों का नाता है
हम सब तेरे बच्चे हैं,तू हम सब की माता है ।
देख ली दुनिया,तेरी शरण में ही सारा संसार है,
मईया का परिवार है,ये मईया का परिवार है ।

सारी दुनिया जान गयी,शक्ति तेरी मान गयी,
आदि-शक्ति तू जीण जयंती,माँ तुझको पहचान गयी ।
सारे जग में गूँज रही माँ तेरी जय-जयकार है,
मईया का परिवार है,ये मईया का परिवार है ।

जैसे निभाया है अब तक,आगे निभाती रहना माँ,
"सौरभ मधुकर" पे हरदम प्यार लुटाती रहना माँ ।
साथ तुम्हारा मिल जाए तो जग की क्या दरकार है,
मईया का परिवार है,ये मईया का परिवार है ।

स्वर : सौरभ मधुकर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1146/title/kajal-shikhar-pe-jeen-bhawani-ka-sachcha-darbaar-hai-with-lyrics-by-saurabh-madhukar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |